पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) आई० ओ० सी० ने विश्वव्यापी कम्पनी बनने के लिए अनुभव प्राप्त करने हेतु अपने सर्वो ब्राड के स्नेहकों के परीक्षण विपणन के लिए सार्क क्षेत्र, मध्य-पूर्व में कुछ विकासशील देशों और मलेशिया को निर्धारित किया है।

(ख) 1992-93 में आई० ओ० सी० का स्नेहक विपणन हिस्सा 48 प्रतिशत था। अप्रैल, 1993 में स्नेहकों की नियंत्रण मुक्ति की प्रक्रिया आरम्भ होने और भारतीय स्नेहक बाजार में अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के आ जाने से आई० ओ० सी० का विपणन हिस्सा प्रभावित हुआ। तथापि, आई० ओ० सी० ने प्रभावशाली विपणन कार्यनीति के साथ अधोगामी प्रवृत्ति बदल दी है और अपना विपणन हिस्सा 42 प्रतिशत तक बढ़ा लिया है।

Tampering with LPG Cylinders

1787. SHRI V. P. DURAISAMY: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the fact that the quantity of LPG supplied to consumers is less than that mentioned on the cylinder; and

(b) whehter Government will take necessary steps to ensure fool-proof sealing the cylinders in place of existing one which is easily tamperable?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGAWAR):

(a) Yes, Sir. Public Sector Oil Companies have received a few complaints from LPG consumers regarding supply of underweight cylinders. Action has been taken against the distributor concerned as per the provisions of Marketing Discipline Guidelines.

(b) Public Sector Oil Companies carry out elaborate quality control checks on each cylinder filled at the bottling plants. After passing all the quality control checks at the LPG bottling plants, each and every cylinder is sealed before it is loaded and despatched to the LPG distributors. Oil Companies use only aluminium and PVC seal to ensure that the LPG cylinders are not tampered with before delivery to the consumers.

Public Sector Oil Companies conduct elaborate regular/surprise checks and inspection of functioning of their LPG distributors and also investigate complaints on their receipt. Suitable action is taken against the distributors who are found to be indulging in various malpractices as per the Guidelines in vogue.

रसोई गैस वितरकों द्वारा सीमा शुल्क में छूट

1788. **श्री डी० पी० यादव:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रसोई गैस के निजी वितरकों द्वारा सीमा शुल्क में छूट देने और रसोई गैस का बाजार भाव बढ़ाने की मांग की गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन मांगों पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हा, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) से (ग) सरकार ने वर्ष 1999-2000 के अपने बजट में कूड तथा पेट्रोलियम उत्पादों, दोनों पर, देय 2 प्रतिशत के विशेष आयात शुल्क को हटा दिया है जो 27/28 फरवरी, 1999 की मध्य रात्रि से प्रभावी है। इसके अतिरिक्त एल० पी० जी० पर देय उत्पाद शुल्क 10 प्रतिशत से कम करके 8 प्रतिशत कर दिया गया है। तदनुसार, दिल्ली में इसका खुदरा बिक्री मूल्य, जो कि राजसहायता को कम करते हुए पहले प्रति सिलेन्डर 14 रुपए बढ़ा दिया गया था, प्रति सिलेन्डर 6 रुपए कम हो गया है तथा अन्य शहरों में इस मूल्यगत कमी में भाड़ा तथा स्थानीय उद्ग्रहणों पर निर्भर करते हुए अन्तरभिन्नता है।

दिल्ली में नकली मिनी गैस सिलिंडरों का बेचा जाना

1789. **प्रो० रामगोपाल यादव:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या दिल्ली में बड़ी संख्या में नकली मिनी गैस सिलिंडर लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं;